आकाशवाणी शिमला
03.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

आपदा–बचाव कार्य

हिमाचल प्रदेश में बादल फटने की तीन घटनाओं में लापता 46 लोगों की तलाश अभी भी जारी है। शिमला ज़िला के समेज में 33 लोग लापता है जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मंडी ज़िले के पधर क्षेत्र के तेरंग गांव में लापता लोगों को ढूंढने का अभियान आज तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान हादसे वाले स्थान से एक शव बरामद हुआ है जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि अभी तक कुल 6 शव बरामद हुए हैं, जबकि 4 लोग लापता हैं। उन्होंने बताया कि इस हादसे में मृतकों के परिजनों को 4–4 लाख रूपये की राहत राशि दी गई है और उन्हें राशन, मैडिकल किट व तिरपाल भी उपलब्ध करवाए गए हैं। इसके अलावा कुल्लू में 9 लोग लापता हैं। फिलहाल सेना, एनडीआरएफ एसडीआरएफ सहित स्थानीय प्रशासन के 400 अधिक जवान तलाशी अभियान में जुटे हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने आज शिमला में बताया कि प्रदेश में मॉनसून सीज़न में अब तक लगभग 6 सौ 55 करोड़ का नुकसान प्रदेश को हुआ है। कुल्लू, मंडी और शिमला ज़िला के समेज में सर्च अभियान जोरों पर हैं और लगभग 85 किलोमीटर तक लापता लोगों को खोजने का काम किया जा रहा है। आपदा प्रभावित समेज क्षेत्र में सबसे ज्यादा 3 सौ एक जवान तैनात किए गए हैं।

लोक अदालत

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेशभर में पिछले वर्ष अक्तूबर से इस वर्ष जुलाई के बीच की अवधि में राज्य सरकार द्वारा विशेष राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से एक लाख 63 हज़ार 2 सौ 68 इंतकाल, 9 हज़ार 4 सौ 17 तकसीम, 12 हज़ार 4 सौ 53 निशानदेही और 2 हज़ार 4 सौ 27 राजस्व त्रुटियों के मामलों का निस्तारण किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में पहली बार किसी प्रदेश सरकार ने वर्षों से लंबित पड़े राजस्व मामलों की समस्या का समाधान करने के लिए इस तरह की लोक अदालतों का आयोजन कर मिशन मोड में कार्य किया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह के अंतिम दो कार्य दिवस में इन लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज समेज क्षेत्र में घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान वे प्रभावितों व पीड़ितों से मिले और घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि समेज गांव में दो वैली ब्रिज स्थापित किए जाएंगे, और कुछ ही दिनों में वैली ब्रिज सुचारू हो जाएंगे। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सरकार प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है और लापता लोगों को ढूंढने के लिए 85 किलोमीटर के क्षेत्र में एन.डी.आर.एफ, एस.डी.आर.एफ, आर्मी, पैरा मिलिट्री फोर्स, पुलिस, होमगार्ड, अग्निशमन विभाग के सदस्य रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हुए हैं। विक्रमादित्य सिंह ने समेज क्षेत्र के आपदा प्रभावितों को 50 हजार रुपए की फौरी राहत राशि और किराए पर मकान लेने के लिए 5 हज़ार रुपये देने की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने केंद्र सरकार से प्रदेश को आपदा से निपटने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने का भी आग्रह किया। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने इस दौरान कैबिनेट मंत्री को खोज एवं बचाव कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज जुब्बल क्षेत्र के मांदल में आयोजित खंड स्तरीय वन महोत्सव में शिरकत कर देवदार के पौधे लगाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में पौधारोपण अत्यंत आवश्यक ताकि जल, भूमि और वायु जैसे ज़रूरी संसाधनों का भी संरक्षण हो सके। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले दिनों तूफान के कारण सेब की फसल को हुई क्षति के आकलन के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर दी गई है जो नुकसान का ज़ायज़ा लेकर शीघ्र ही सरकार को रिपोर्ट करेगी।

सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कशयप ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने बजट में हर वर्ग का ख्याल रखते हुए बेहतरीन बजट पेश किया है। आज सोलन में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को भी बजट से लाभ मिलेगा। सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना और मुद्रा योजना सहित अनेको योजनाओं का लाभ हिमाचल के लोगों को मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के साधन उत्पन्न होंगे। उन्होंने बताया कि वे लगातार हिमाचल के हितों को सदन में उठा रहे है और आपदा के लिए भी केन्द्र से बजट मिला है। सांसद ने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियां हिमाचल की आपदा पर नजर बनाये हुए है और जरूरत पड़ने पर केंद्रीय ऐजिसियां मदद के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार से हिमाचल को हरसंभव मदद मिल रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर पिछली सरकार की शगुन, और हिमकेयर जैसी योजनाओ को बंद करने का भी आरोप लगाया ।